# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**सोमवार, दिनांक 7 फरवरी, 2005 (माघ 18, 1926)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्देमातरम्" के गायन से प्रारंभ हुई.

### 2. राज्यपाल का अभिभाषण

अध्यक्ष महोदय द्वारा घोषणा की गई कि *अब* सदन राज्यपाल महोदय के आगमन की प्रतीक्षा करेगा.

राज्यपाल महोदय का चल समारोह के साथ सभा भवन में आगमन हुआ.

राज्यपाल महोदय, डॉ. बलराम जाखड़ ने अभिभाषण दिया.

राज्यपाल महोदय ने चल समारोह के साथ प्रस्थान किया.

### 3. महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव

श्री हिम्मत कोठारी, सदस्य ने प्रस्ताव किया कि "*राज्यपाल महोदय ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं.*"

डॉ.नरोत्तम मिश्रा, सदस्य ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया.

अध्यक्ष महोदय द्वारा राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा के लिए दिनांक 10,11 तथा 14 फरवरी, 2005 तक का समय नियत किया गया और घोषणा की कि कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव में संशोधन दिनांक 7 फरवरी, 2005 को अपराह्न 5.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दिये जा सकते हैं।

पूर्वाह्न 11.21 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 8 फरवरी, 2005 (माघ 19, 1926) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

डॉ. ए.के.पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.